भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1228
30 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

वीआईएसएल का पुनरुद्धार

1228. श्री बी. वाई. राघवेन्द्र:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार का विचार कर्नाटक राज्य के भद्रावती स्थित विश्वेश्वरैया लौह एवं इस्पात संयंत्र(वीआईएसएल) का पुनरुद्धार करने का प्रस्ताव है क्योंकि हाल ही में केन्द्रीय इस्पात मंत्री द्वारा इस संयंत्र का दौरा किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड का उत्पादन कार्याकलपों को पुन: आरंभ करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (ग): सरकार ने अक्टूबर 2016 में विश्वेश्वरैया लौह एवं इस्पात संयंत्र (वीआईएसपी) के नीतिगत विनिवेश के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया था। इसके बाद, निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) द्वारा दिनांक 14/10/2022 को सूचित किए जाने पर नीतिगत विनिवेश हेतु लेन-देन में आगे भाग लेने के लिए चयनित बोलीदाताओं द्वारा असमर्थता व्यक्त किए जाने के कारण, सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनिवेश के लिए रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) को निरस्त करने का अनुमोदन दिया गया और विश्वेश्वरैया लौह एवं इस्पात संयंत्र, भद्रावती को बंद करने की प्रक्रिया को प्रारंभ करने का निदेश दिया, जिसे दिनांक 31/10/2022 को सेल को सूचित किया गया।

वर्तमान में, वीआईएसपी में 245 नियमित कर्मचारी कार्यरत हैं। मिलों और फोर्ज शॉप जैसी विभिन्न फिनिशिंग इकाइयां प्रचालन में हैं और आवश्यकतानुसार सेल के सहयोगी संयंत्रो/ इकाइयों द्वारा आपूर्ति किए गए सेमी-फिनिश्ड इस्पात के द्वारा वीआईएसपी ने वर्ष 2023-24 में 13000 टन बिक्री योग्य इस्पात का उत्पादन किया है।

******